प्रो० अनुराग त्रिपाठी
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिकविश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ०प्र०-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2021/4952

दिनांकः 05 अगस्त, 2021

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः कोविड–19 महामारी अथवा अन्य कारणों से सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिमाग न कर पाने वाले छात्रों की पुनः परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत शैक्षिक सत्र 2020–21 के सम सेमेस्टर के सभी वर्षो में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की परीक्षायें दिनांक 20.07.2021 से ऑन–लाइन मोड में आयोजित कराई जा रही है।

उक्त सम सेमेस्टर परीक्षा में कोविड–19 महामारी अथवा अन्य स्वास्थ कारणों से पीड़ित छात्र, किसी कारणवश परीक्षा फार्म न भर पाने वाले छात्र, सम्बन्धित संस्थान की टयूशन फीस जमा न होने के कारण सम्बन्धित संस्था द्वारा डिटेन्ड किये गये छात्र एवं ऐसे छात्र जिनका कोई चार्जबैक या परीक्षा शुल्क का प्रकरण लंबित है, ऐसे सभी छात्रों की पुनः परीक्षा उनके द्वारा उक्त कमियों के निराकरण के पश्चात् आगामी विषम सेमेस्टर से पूर्व गत् सेमेस्टर की भांति ऑफ–लाइन मोड में लिखित परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु सक्षम स्तर द्वारा अनुमति प्रदान कर दी गयी है, जिसकी सूचना ससमय उपलब्ध करा दी जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए आपके संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

Anurag Tripathi
05/08/2021
(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव/वित्त अधिकारी ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. मीडिया प्रभारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 अनुराग त्रिपाठी)
परीक्षा नियंत्रक